पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया

राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजभवन में आयोजित हुआ खिलाड़ी सम्मान समारोह

शिक्षा और खेल भावना से राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण और नैतिक उन्नयन होता है

खेल का मैदान मनुष्य को सामाजिक जीवन का पाठ सिखाता है

विद्यालयों में पारम्परिक स्वदेशी खेलों को बढ़ावा मिले

लखनऊः 29 अगस्त, 2022

प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन स्थित गांधी सभागार में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालीय स्तर पर विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया। खिलाड़ियों का यह सम्मान समारोह महान हॉकी खिलाड़ी पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा शिक्षा और खेल भावना से राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण और नैतिक उन्नयन होता है। जीवन में सफलता के लिए संतुलन जरूरी है। छात्र जीवन में खिलाड़ियों को भी शिक्षा और खेल के समय में संतुलन रखना आवश्यक है, जिससे जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान मनुष्य को सामाजिक जीवन का पाठ सिखाता है।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालयों में भारत के पारम्परिक स्वदेशी खेलों को बढ़ावा दिए जाने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा की घरेलू खेलों की समृद्ध विरासत हमारे पास है। इसके लिए बड़े संसाधनों की आवश्यकता भी नहीं है। आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो हमें स्वदेशी परम्परागत खेलों को बढ़ावा देना चाहिए।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने समारोह में 68 व्यक्तिगत स्पर्धा के विजेताओं तथा 12 टीम स्पर्धा की विजेता टीमों को पदक देकर सम्मानित किया। विजयी खिलाड़ी विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में 20 स्वर्ण, 20 रजत तथा 28 कांस्य पदक प्राप्त किए। जबकि टीम स्पर्धा में 04 स्वर्ण, 02 रजत तथा 04 कांस्य पदक के साथ–साथ 02 टीमों ने प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने का पुरस्कार प्राप्त किया। खिलाड़ियों को पदक प्रदान करने के साथ–साथ राज्यपाल जी ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 निर्मला एस0 मौर्य ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल के प्रति स्वागत सम्बोधन के साथ खिलाड़ियों के पदक सम्मान हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने समारोह में राज्यपाल जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सभागार में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, पदक प्राप्त करने वाले समस्त विजेता खिलाड़ी छात्र–छात्राएं एवं राजभवन के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

——————

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (197/06)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361